आंदोलन — जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका की उच्चस्तरीय जांच और गैर-इरादतन हत्या सहित उचित धाराओं में एफआईआर करे शासन : पंजवानी

# 26 बच्चों की मौत पर कांग्रेस का हल्लाबोल

**नवभारत, बालाघाट।** बैहर-बिरसा क्षेत्र में लगभग 29 बच्चों की मौत के मामले को लेकर शहर कांग्रेस ने सोमवार को जिला कांग्रेस कार्यालय से विशाल रैली निकालकर जोरदार प्रदर्शन किया। सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता हाथों में संबंधित अधिकारियों के पुतले लेकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए जिला चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पहुंचे। यहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धरना-प्रदर्शन कर सरकार और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के बाद पुतला दहन कर आक्रोश जताया गया।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्याम पंजवानी ने कहा कि 29 बच्चों की मौत का मामला बेहद गंभीर है और इसे महज आंकड़ा मानकर दबाया नहीं जा सकता। कांग्रेस ने मांग की कि पूरे मामले की स्वतंत्र एवं उच्चस्तरीय जांच कराकर प्रत्येक स्तर पर जिम्मेदारी तय की जाए तथा जांच में दोष सिद्ध होने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कानून के अनुसार गैर-इरादतन हत्या सहित उचित आपराधिक धाराओं में स्न्र्द्बक्रदर्ज की जाए।

पंजवानी ने आरोप लगाया कि जून 2025 में डॉ. परेश उपलव मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी के रहते बैहर-बिरसा क्षेत्र में पदस्थ रहने के दौरान ट्राइबल क्षेत्र में कार्यरत पैरामेडिकल स्टाफ का स्थानांतरण गैर-ट्राइबल क्षेत्र में किया गया। कांग्रेस का कहना है कि नियमानुसार रिलीवर की व्यवस्था होने तक कर्मचारियों को कार्यमुक्त नहीं किया जाना चाहिए, लेकिन यदि कर्मचारियों को बिना रिलीवर के कार्यमुक्त किया गया है तो यह गंभीर प्रशासनिक चूक का विषय है।

कांग्रेस ने मांग की कि स्थानांतरण आदेश, कार्यमुक्ति आदेश, रिलीवर की व्यवस्था, संबंधित अधिकारियों की नोटशीट तथा पूरी प्रशासनिक प्रक्रिया की जांच कराई जाए। यदि जांच में नियमों की अनदेखी, प्रशासनिक लापरवाही अथवा किसी प्रकार की अनियमितता सामने आती है तो जिम्मेदार अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई की जाए।

श्याम पंजवानी ने कहा कि डॉ. परेश उपलव के टीकाकरण अधिकारी रहते हुए क्षेत्र में बच्चों के टीकाकरण की वास्तविक स्थिति की जांच होना जरूरी है। उन्होंने सवाल उठाया कि कितने बच्चों को वास्तव में वैक्सीन लगी, किस तारीख को लगी, किस टीकाकरण केंद्र पर लगी और उसका रिकॉर्ड क्या है।



उन्होंने कहा कि यदि जांच में पोषण आहार की गुणवत्ता में गंभीर अनियमितता अथवा कर्तव्य में लापरवाही सामने आती है और उसका बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव प्रमाणित होता है, तो संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय कर कठोर कार्रवाई की जाए।

कांग्रेस ने पीएचई अधिकारी बी.एल. उईके की भूमिका की भी जांच की मांग की। कांग्रेस का आरोप है कि जल-नल योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में यदि लापरवाही हुई है तो इसकी वजह से क्षेत्र के आदिवासी परिवारों को असुरक्षित अथवा दूषित पानी पीने की स्थिति का सामना करना पड़ा हो सकता है।

श्याम पंजवानी ने कि बैहर-बिरसा जैसे आदिवासी क्षेत्र में स्वास्थ्य, टीकाकरण, पोषण और पेयजल जैसी बुनियादी व्यवस्थाओं में यदि गंभीर लापरवाही हुई है तो उसकी निष्पक्ष जांच जरूरी है

उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार ने मामले की जांच में लीपापोती करने या जिम्मेदार लोगों को बचाने का प्रयास किया तो कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी। 29 बच्चों को न्याय मिलने तक आंदोलन जारी रहेगा। जरूरत पड़ने पर कांग्रेस चरणबद्ध आंदोलन करते हुए जिलेभर में सरकार और प्रशासन के खिलाफ जनआंदोलन खड़ा करेगी।उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय कराने के लिए आंदोलन को और तेज किया जाएगा। 'सरकार को जगाने के लिए लोकतांत्रिक तरीके से हर संभव आंदोलन किया जाएगा।

### पोषण आहार की गुणवत्ता और सप्लाई चेन की जांच की मांग

कांग्रेस ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी देवेंद्र सनद्रायल की भूमिका की भी जांच की मांग की। पंजवानी ने कहा कि बच्चों को वितरित किए गए पोषण आहार की गुणवत्ता, मात्रा, वितरण व्यवस्था और पूरी सप्लाई चेन की जांच होनी चाहिए।

# शिक्षा का दम तोड़ता सिस्टम !



### हुड्डु टोला में एक शिक्षक के भरोसे 5 कक्षाएं, मात्र 25 बच्चे करते हैं पढ़ाई

**नवभारत, किरनापुर।** जनपद शिक्षा केंद्र किरनापुर के अंतर्गत आने वाली शासकीय प्राथमिक शाला गुड्डू टोला स्कूल में शिक्षा व्यवस्था बेपटरी हो गई हैं!. मात्र एक शिक्षक के भरोसे कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों का भविष्य टिका है. पढ़ाई, एमडीएम और विभागीय कार्यों के बोझ तले दबे शिक्षक और गिरती छात्र संख्या सरकारी दावों की पोल खोल रही है. !आखिर कब सुधरेगा शिक्षा का यह ढांचा ?

हुडडु टोला में वर्षों से मात्र एक शिक्षक के भरोसे कक्षा एक से पांच तक का अध्यापन कार्य चल रहा है. विभाग की अनदेखी के कारण पठन-पाठन प्रभावित है. इस कारण नामांकन पर भी असर पड़ा है. वर्तमान में विद्यार्थियों की संख्या घटकर मात्र 25 रह गयी है. शिक्षक पर पढ़ाई, विभागीय कार्य, गैर शैक्षणिक कार्य का दारोमदार है।

जानकारी के मुताबिक इस विद्यालय में एक साथ दो-तीन क्लास को मर्ज करके पढ़ाया जाता है. ऐसे में विषय समझने में परेशानी होती है. विद्यालय में पदस्थापित एक मात्र शिक्षक जितेंद्र बिसेन ने बताया कि काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है. एक तो विभाग को प्रतिदिन का आंकड़ा भेजना, उपस्थिति विवरण भेजना, एमडीएम बनवाना और उसके साथ-साथ पठन-पाठन का कार्य करना. इसके अलावा गैर शैक्षणिक कार्यों में भी लगा दिये जाने से समस्या बढ़ जाती है. ।

शिक्षक ने बताया कि छुट्टी लेने में भी काफी परेशानी होती है. छुट्टी लेने से दो दिन पूर्व कार्यालय को सूचना देनी होती है. तब विभाग की ओर से आसपास के किसी अन्य स्कूल से शिक्षक की प्रतिनियुक्ति उक्त स्कूल में छुट्टी की अवधि तक की जाती है. इसके बाद छुट्टी मिल पाती है. वहीं यदि अचानक जरूरी काम से छुट्टी लेनी पड़ गयी, तो मुश्किल हो जाता है।

## एक नजर में



### तनुश्री मीणा ने जिला पंचायत सीईओ का कार्यभार संभाला

**बालाघाट।** भारतीय प्रशासनिक सेवा की वर्ष 2022 बैच की अधिकारी सुश्री तनुश्री मीणा ने 31 अगस्?त को जिला पंचायत बालाघाट के मुख्य कार्यपालन अधिकारी का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। सुश्री तनुश्री मीणा की पहली पदस्थापना सहायक कलेक्टर के रूप में छिंदवाडा में हुई थी। इसके बाद उन्होंने झाबुआ जिले के पेटलाबाद में एसडीएम के पद पर कार्य किया है।

### गुरु रविदास की 650वीं जयंती पर वारा में हुआ समरसता संकल्प

**नवभारत, बालाघाट।** संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 650वीं जन्म जयंती के पावन अवसर पर ग्राम पंचायत वारा में रविदास समाज की ओर से कलश वंदन एवं समरसता संकल्प यात्रा के आभार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल 'गुड्डा भैया' उपस्थित रहे। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला उपाध्यक्ष श्री किशोर अमूले जी, वारासिवनी नगर मंडल अध्यक्ष संदीप मिश्रा , यात्रा प्रभारी सुनील 'सोनू' जैन , जनपद सदस्य राम गौतम , सरपंच सूर्यभान सिंह पुसाम , राम सिंह पटेल , उपसरपंच ज्ञानसिंह पटले , पूर्व सरपंच वायकर पारधी , सद्गुरु रविदास सामाजिक संगठन ब्लॉक अध्यक्ष प्रवीण खरोले सहित मुकेश राहंगडाले , दीपेश राहंगडाले , रमेश कनोजे , महेश कनोजे , मनोहर पटले , कैलाश जगने , दिलीप भोंदेकर , निर्मला कनोजे , गीता कनोजे , उर्मिला कटरे , अर्चना कनोजे , पिंकी कनोजे एवं समस्त ग्रामीणजन व सामाजिक बंधु उपस्थित रहे। संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के समानता, समरसता और मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। इस इस अवसर में योग का भी आयोजन किया गया।

# मवेशी चराने के विवाद में बुजुर्ग की मौत, फरार आरोपी पुणे के कैफे से गिरफ्तार

**नवभारत, परसवाड़ा।** ग्राम झिरिया में शासकीय जंगल में मवेशी चराने को लेकर हुए विवाद में गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग हिम्मतलाल शरणागत की उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद फरार आरोपी जोगेंद्र पिता स्व. गुलजार सिंह मर्सकोले को परसवाड़ा पुलिस ने साइबर सेल की मदद से महाराष्ट्र के पुणे के समीप एक कैफे से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को 28 अगस्त को गिरफ्तार करने के बाद 29 अगस्त को बैहर स्थित माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया।



जानकारी के अनुसार हिम्मतलाल शरणागत 6 अगस्त को रोजाना की तरह गाय-बैल चराने के लिए गांव के बड़ादेव स्थल के पास स्थित शासकीय जंगल गए थे। शाम को गांव के एक व्यक्ति ने परिजनों को सूचना दी कि हिम्मतलाल बड़ादेव स्थल की दीवार के पास घायल अवस्था में पड़े हैं। परिजन मौके पर पहुंचे तो वे बेहोश मिले। उनके सिर के पीछे चोट के निशान तथा गले के दाहिनी ओर खरोंच के निशान बताए गए।

परिजन तत्काल उन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परसवाड़ा लेकर पहुंचे, जहां से हालत गंभीर होने पर उन्हें बालाघाट रेफर किया गया। बाद में उनका उपचार कराया गया। परिजनों के अनुसार सिर में गंभीर चोट लगने से उनकी हालत नाजुक बनी हुई थी। उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

मामले में मृतक के बेटे ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि गांव के लोगों से उसे जानकारी मिली कि 6 अगस्त की शाम करीब 5 से 6 बजे जोगेंद्र मर्सकोले ने शासकीय जंगल में मवेशी चराने की बात को लेकर हिम्मतलाल से विवाद किया था। आरोप है कि विवाद के दौरान गाली-गलौज करते हुए जोगेंद्र ने हिम्मतलाल के सिर पर हमला किया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं।

# जर्जर सड़क एवं पुल का शीघ्र हो निर्माण

**नवभारत, बालाघाट।** राहुल प्रियंका गांधी विचार मंच के जिला अध्यक्ष जावेद अली ने जिले कलेक्टर श्री कुमार सत्यम को एक आवेदन पत्र सौंपते हुए मांग किया है कि जिले की वारासिवनी-खैरलांजी विधानसभा

क्षेत्र क्रमांक 112 के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सावरी से लोधीटोला की सड़क बहुत जर्जर हो चुकी है एवं पुलिया पूरी तरह से क्षतिग्रस्त है। जिससे ग्रामवासियों एवं स्कूल, कॉलेजों के छात्र-छात्राओं एवं मरिजों को आवागमन करने में बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है ।



उन्होंने आगे कलेक्टर को बताया कि इसके आसपास स्कूल, अस्पताल होने के कारण लोगों को रोज इस परेशानी से गुजरना पड़ रहा है। बारीश के मौसम में पुलिया, पानी से भर जाने के कारण वहाँ का आवागमन बंद हो जाता है जिससे ग्रामीणजन, मरीज, छात्र-छात्राओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

जावेद अली ने कलेक्टर से निवेदन किया है कि उक्त परेशानी की दृष्टि से स्वायत्त प्रभाव से क्षतिग्रस्त पुलिया एवं सड़क का निर्माण करवाया जाना अति आवश्यक हो गया है ।

# कटंगी रेलवे स्टेशन की जर्जर रोड के पुनर्निर्माण की मांग तेज

## नागपुर मंडल के वरिष्ठ अभियंता को लिखा पत्र, यात्रियों की सुरक्षा का दिया हवाला



**नवभारत, कटंगी।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल के अंतर्गत आने वाले कटंगी रेलवे स्टेशन की जर्जर एप्रोच रोड को लेकर अब रेलवे यात्री संगठनों ने भी मोर्चा खोल दिया है।

रेलवे अप-डाउनर्स प्रोग्रेसिव वेलफेयर एसोसिएशन ने इस संबंध में वरिष्ठ मंडल अभियंता, समन्वय, नागपुर मंडल को पत्र लिखकर सड़क के स्थायी और गुणवत्तापूर्ण पुनर्निर्माण की मांग की है। संगठन के जिला अध्यक्ष विवेक शर्मा द्वारा 31 अगस्त को प्रेषित पत्र में इस समस्या को गंभीर बताया गया है। अपने पत्र में उल्लेख किया है कि कटंगी रेलवे स्टेशन का स्टेशन पहुंच मार्ग (एप्रोच रोड) जो रेलवे के अधीन है, पिछले कई वर्षों से अत्यंत जर्जर और क्षतिग्रस्त स्थिति में है।

### तत्काल कार्रवाई की मांग

एसोसिएशन ने मांग की है कि जनता की सुविधा और यात्रियों की सुरक्षा से जुड़े इस गंभीर विषय पर तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए जाएं तथा कटंगी रेलवे स्टेशन के उक्त एप्रोच रोड का स्थायी एवं गुणवत्तापूर्ण पुनर्निर्माण कार्य शीघ्र करवाया जाए।

### सैंकड़ों गावों के आवागमन का रास्ता

यह मार्ग कटंगी शहर से सैकड़ों गांवों को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है और प्रतिदिन सैकड़ों रेलवे यात्रियों और आम नागरिकों द्वारा इसका उपयोग किया जाता है। वर्तमान में इस रोड पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे और गंभीर टूट-फूट हो चुकी है। स्थानीय निकाय द्वारा गड्ढों में मुरम और मलबा डालकर अस्थायी मरम्मत का प्रयास किया गया, लेकिन स्थायी समाधान के अभाव में स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। विशेष रूप से वर्षा ऋतु में यह मार्ग दुर्घटना की दृष्टि से गंभीर रूप से जोखिमपूर्ण हो गया है।

### कलेक्टर ने किया प्रशासनिक अधिकारियों के बीच कार्य विभाजन

**बालाघाट।** कलेक्टर कुमार सत्यम ने प्रशासनिक कार्य व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने की दृष्टि से जिले में राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के बीच नये सिरे से कार्य विभाजन किया है। इसके तहत विभिन्न अनुविभागों में अधिकारियों को एसडीएम का दायित्व सौंपा गया है। जारी कार्य विभाजन के अनुसार संयुक्त कलेक्टर विजय सिंह यादव को कटंगी एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर कमलचंद सिंहसार को किरनापुर एसडीएम, आदित्य नारायण तिवारी को लांजी एसडीएम तथा श्रीश प्यासी को वारासिवनी एसडीएम का प्रभार सौंपा गया है।

# जबलपुर में 5-6 सितंबर को होगा दो दिवसीय पत्रकार महाधिवेशन

**नवभारत, बालाघाट।** राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के बालाघाट जिला अध्यक्ष राकेश सिंगारे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि जबलपुर पत्रकार महाधिवेशन 5-6 सितंबर को जबलपुर में आयोजित किया गया है । यह सम्मलेन राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद की जबलपुर संभागीय इकाई के तत्वावधान में कचनार क्लब, विजय नगर जबलपुर में आयोजित किया किया गया है । पहले दिन 5 सितंबर को संभागीय इकाई की बैठक होगी



।इसमें सभी जिला इकाइयों के अध्यक्ष और महासचिव भाग लेंगे ।बैठक में वर्षभर के कार्यों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा ।साथ ही वार्षिक कैलेंडर के अनुसार आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा साझा की जाएगी। सम्मलेन के दूसरे दिन 6 सितंबर को मुख्य पत्रकार महाधिवेशन आयोजित किया जाएगा ।इसमें जबलपुर संभाग के सभी पत्रकार साथी शामिल होंगे ।प्रदेश के अन्य जिलों के पदाधिकारियों को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है । सम्मेलन में पत्रकारों से जुड़े विषयों, संगठनात्मक गतिविधियों और कार्यक्रमों पर चर्चा होगी ।

# महाविद्यालय में नए छात्रों का तिलक लगाकर किया स्वागत

### युवाओं को समाज सेवा से जुड़ने का विधायक ने किया आह्वान

**नवभारत, कटंगी।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड कटंगी के तत्वावधान में राजा भोज शासकीय महाविद्यालय, कटंगी में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के नवीन छात्र-छात्राओं का प्रवेश उत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नवीन विद्यार्थियों का तिलक लगाकर



स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। इसके पश्चात विधायक गौरव सिंह पारधी का पौधा भेंट कर स्वागत किया गया।

**समाज को नई दिशा देने में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण-** इसके बाद मुख्य अतिथि विधायक गौरव सिंह पारधी ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी समाज के क्षेत्र में कार्य करने की भावना के साथ इस पाठ्यक्रम से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की अवधारणा के अनुरूप यह पाठ्यक्रम युवाओं को सामाजिक दायित्वों से जोड़ते हुए समाज को नई दिशा देने का महत्वपूर्ण माध्यम है।

आरोप — वित्तीय अनियमितता व तानाशाही की होगी निष्पक्ष जांच

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने तत्कालीन सीईओ पर लगाए गंभीर आरोप

**नवभारत, बालाघाट।** जिला पंचायत बालाघाट के अध्यक्ष ने तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) आईएएस अभिषेक सराफ के कार्यकाल पर गंभीर आरोप लगाते हुए पंचायती राज व्यवस्था को नुकसान पहुँचाने और व्यापक भ्रष्टाचार का दावा किया है। उन्होंने सीईओ को हटाए जाने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं प्रभारी मंत्री का आभार व्यक्त किया।असंवैधानिक कार्यों के चलते जिला पंचायत सीईओ हटाए गए।

सर्किट हाउस बालाघाट में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सम्राट अशोक सरसवार की द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई जिसमें अध्यक्ष ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला पंचायत के सभी सदस्यों के द्वारा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक



श्राफ का गलत कार्य लगातार विरोध किया गया । इन्हें जिले से हटाने मुख्यमंत्री ओर प्रमाणी मंत्री को ज्ञापन देकर विरोध प्रदर्शन भोपाल जाकर किया गया था ।इन सब विरोध को देखते हुए मुख्यमंत्री एवं प्रभारी मंत्री के द्वार मुख्य कार्यपालन अधिकारी को बालाघाट के जिला पंचायत से हटाते हुए अन्यत्र जिले में स्थानांतर कर दिया गया ।इसके लिए हम सभी अध्यक्ष सहित सभी सदस्यों के द्वारा मुख्यमंत्री ओर प्रभारीमंत्री की धन्यवाद ज्ञापित किया है ।

जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट ने आगे कहा कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा लगातार आसंविधानिक संविधानिक तरीके से जिला पंचायत में कार्य किया जिसके लिये जिसके लिए उन्हें हटाया गया है ।

अध्यक्ष द्वारा भेजे गए पत्रों एवं कारण बताओ नोटिस का कोई जवाब नहीं दिया गया।गौण खनिज की बैठकों से जिला पंचायत अध्यक्ष को जानबूझकर दूर रखा गया और भ्रामक जानकारी दी गई। कई ग्राम पंचायतों के सरपंचों को धारा 40 के नोटिस व पेशियों के नाम पर परेशान किया गया। आरईएस और मनरेगा के उपयंत्रियों के क्लस्टर प्रभार में बिना अध्यक्ष के अनुमोदन के मनमाने तरीके से बदलाव किए गए।

# महाकौशल खेल रत्न से सम्मानित हुए बालाघाट के शुशांक पारधी



**नवभारत, बालाघाट।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 29 अगस्त को जबलपुर के मानस भवन में आयोजित महाकौशल क्रीड़ा परिषद के अलंकरण समारोह में बालाघाट के कराते खिलाड़ी शुशांक पारधी को महाकौशल खेल रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया।

शुशांक ने वर्ष 2022 से 2026 तक सब-जूनियर वर्ग में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की कराते प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक हासिल किए हैं। उनकी उपलब्धियों के लिए उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान संध्या अग्रवाल सहित विभिन्न खेलों से जुड़े खेल सितारे एवं महाकौशल क्रीड़ा परिषद के पदाधिकारी मौजूद रहे। समारोह में कुल 27 खेल प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर शुशांक के साथ कराते प्रशिक्षक एवं ब्लॉक युवा समन्वयक संतोष पारधी भी उपस्थित रहे। शुशांक को मिले सम्मान पर जिला खेल एवं कल्याण विभाग तथा खेल जगत से जुड़े लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए इसे बालाघाट जिले के लिए गौरव की बात बताया।